## विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)

विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) विज्ञान भारती (विभा) की पहल पर आयोजित एक विज्ञान-आधारित परीक्षा है, जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) - शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक संस्थान तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (एन.सी.एस.एम.) - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्था - के सहयोग से आयोजित की जाती है।

वीवीएम कक्षा VI से XI तक के विद्यार्थियों के लिए अभिकल्पित एक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक अभिरुचि वाले अत्यधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करना एवं उन्हें पोषित करना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) के अनुरूप है तथा इसका उद्देश्य विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक विरासत के प्रति गर्व एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है।

## वीवीएम परीक्षा के मुख्य उद्देश्य हैं:



1. विद्यार्थियों में मूलभूत विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना।
2. विद्यालय स्तर के बच्चों को पारंपरिक से लेकर आधुनिक काल तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के योगदान के बारे में शिक्षित करना।



3. प्रायोगिक कौशल परीक्षणों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना।
4. वैज्ञानिक मानसिकता वाले विद्यार्थियों की पहचान के लिए प्रतिस्पर्धी परीक्षाएं आयोजित करना।



5. विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे की शिक्षा हेतु तैयार करने के लिए मार्गदर्शक प्रदान करना ।
6. राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफल विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना।
7. विजेताओं के लिए देश के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में शैक्षिक भ्रमण आयोजित करना।
8. अपनी अनूठी विशिष्ट शैक्षिक योग्यता परीक्षा के माध्यम से वैज्ञानिक अभिरुचि पहचानना एवं उसे पोषित करना।

परीक्षा अंग्रेज़ी, हिन्दी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, उड़िया, असमिया, संस्कृत एवं उर्दू (प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं) में आयोजित की जाएगी।

### विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा (कक्षावार): स्तर- I

| कक्षा | तिथि | समय |
|---|---|---|
| VI | 16 नवंबर, 2026 एवं/अथवा 19 नवंबर, 2026 | प्रात: 10:00 - सांय 06:00 बजे (90 मिनट) |
| VII | 16 नवंबर, 2026 एवं/अथवा 19 नवंबर, 2026 | प्रात: 10:00 - सांय 06:00 बजे (90 मिनट) |
| VIII | 17 नवंबर, 2026 एवं/अथवा 20 नवंबर, 2026 | प्रात: 10:00 - सांय 06:00 बजे (90 मिनट) |
| IX | 17 नवंबर, 2026 एवं/अथवा 20 नवंबर, 2026 | प्रात: 10:00 - सांय 06:00 बजे (90 मिनट) |
| X | 18 नवंबर, 2026 एवं/अथवा 21 नवंबर, 2026 | प्रात: 10:00 - सांय 06:00 बजे (90 मिनट) |
| XI | 18 नवंबर, 2026 एवं/अथवा 21 नवंबर, 2026 | प्रात: 10:00 - सांय 06:00 बजे (90 मिनट) |

परीक्षा तिथि पर किसी भी विद्यार्थी द्वारा प्रातः 10:00 बजे से पूर्व अथवा सायं 06:00 बजे के उपरांत लॉगिन नहीं किया जा सकेगा एवं न ही ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी। विद्यार्थी पूर्वनियोजित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा की तिथि-1 अथवा तिथि-2 पर मात्र एक बार ही लॉगिन कर सकते हैं।

**परिणाम घोषणा:**
**(स्तर–I): 30 नवंबर, 2026**

**पंजीकरण शुल्क:** व्यक्तिगत अथवा विद्यालय के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले विद्यार्थियों को ₹200/- शुल्क देय होगा।

**पंजीकरण की अंतिम तिथि: 30 सितंबर, 2026**

## अध्ययन सामग्री

| कक्षा/अध्ययन सामग्री | VI एवं VII | VIII एवं IX | X एवं XI |
|---|---|---|---|
| भारत का विज्ञान में योगदान | अंक-I | अंक-II | अंक-III |
| त्रि-शक्ति की जीवनगाथा | अन्ना मणि | असीमा चटर्जी | रोहिणी गोडबोले |
| तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता | मुक्त स्रोत (किसी भी उपलब्ध स्रोत से) | | |
| पाठ्यपुस्तकों से विज्ञान एवं गणित | वीवीएम पाठ्यक्रम | | |

## विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा (कक्षावार): स्तर-I

स्तर-I की विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा 1 घंटा 30 मिनट की अवधि की होगी, जिसमें 100 बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे - प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। परीक्षा दो खंडों (खंड-क और खंड-ख) में आयोजित होगी। **खंड-क** में कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है। **खंड-ख** में गलत उत्तर देने पर -1 अंक (0.25 प्रतिशत ऋणात्मक अंकन) की कटौती होगी। परीक्षा के **खंड-क** में भारत का विज्ञान में योगदान और त्रि-शक्तिः अन्ना मणि, असीमा चटर्जी और रोहिणी गोडबोले के जीवन पर आधारित अध्ययन सामग्री से 40 प्रश्न (अध्ययन सामग्री विज्ञान भारती द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी) और **खंड-ख** में वीवीएम पाठ्यक्रम (एनसीईआरटी एवं विभिन्न राज्य शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रमों के अनुसार) तथा तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (मुक्त स्रोत) पर आधारित 60 प्रश्न होंगे। परीक्षा कक्षावार आयोजित की जाएगी। विस्तृत पाठ्यक्रम वीवीएम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।।

## राज्य स्तरीय शिविर (एसएलसी): स्तर-II

प्रत्येक राज्य से प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 25 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक अथवा दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए चुना जाएगा। यह शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय शिविर में अनुप्रयोग-उन्मुख बहुवैकल्पिक प्रश्न, प्रायोगिक गतिविधियां, अवलोकन एवं विश्लेषण, स्थितिजन्य समस्या समाधान क्षमता तथा अन्य गतिविधियों की श्रृंखला शामिल होगी।



## राष्ट्रीय शिविर (एनसी): स्तर-III

राज्य स्तरीय शिविर के विजेता विद्यार्थियों में से प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 2 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, अर्थात प्रत्येक राज्य से कुल 12 विद्यार्थियों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर (एनसी) में प्रायोगिक कौशल परीक्षणों के अतिरिक्त प्रस्तुतियां, वैज्ञानिक समझ, नवाचार, रचनात्मकता, परंपरागत सीमाओं से परे चिंतन एवं नेतृत्व क्षमता के आंकलन हेतु विभिन्न गतिविधियां शामिल होंगी।

## सृजन

विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2026-27 संस्करण के अंतर्गत राष्ट्रीय (हिमालयन) एवं आंचलिक (क्षेत्रीय) विजेताओं को डी.आर.डी.ओ., इसरो, सी.एस.आई.आर., बी.ए.आर.सी. आदि जैसी किसी एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला अथवा शीर्ष अनुसंधान संस्थान में 1 से 3 सप्ताह का व्यापक प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## भास्कर छात्रवृत्ति

विद्यार्थी विज्ञान मंथन राष्ट्रीय विजेताओं (हिमालयन) के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए ₹2000/- प्रति माह की भास्कर छात्रवृत्ति भी देगा। सृजन कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक हिमालयन को एक विशिष्ट परियोजना/गतिविधि सौंपी जाएगी। विद्यार्थी मार्गदर्शन समिति द्वारा आंकलन के आधार पर छात्रवृत्ति त्रैमासिक आधार पर जारी की जाएगी।



## *वीवीएम द्वारा प्रतिभागियों के लिए प्रदान किए जाने वाले अद्वितीय अवसर*

| | |
|---|---|
| *अनुभवात्मक अधिगम एवं प्रायोगिक गतिविधियां* | *भारत के वैज्ञानिक योगदानों की समृद्ध धरोहर का परिचय* |
| *भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से राष्ट्रीय गर्व की भावना का पोषण* | *सहपाठी मूल्यांकन एवं समीक्षण* |
| *व्यापक 360-डिग्री मूल्यांकन* | *समाज सेवा हेतु इच्छाशक्ति का विकास* |
| *प्रख्यात वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों से मार्गदर्शन* | *कार्यपथ विकास के लिए स्वयं की क्षमता की पहचान* |
| *विज्ञान में व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व कौशल* | *समग्र बाल विकास* |
| *राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं (इसरो, सी.एस.आई.आर., डी.आर.डी.ओ., आई.आई.टी., आई.आई.एस.ई.आर., एन.आई.टी. आदि) के भ्रमण* | *देश भर के प्रतिभाशाली सहपाठियों से मिलना तथा उनसे सीखने का अवसर* |

**अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें: https://vvm.org.in**

**वीवीएम सचिवालय, विज्ञान भारती (विभा),**
**डी-12, साउथ एक्सटेंशन I, नई दिल्ली - 110049**

दूरभाष संख्या **011-49032436**

व्हाट्सएप **9899615277**


ई-मेल आईडी **office@vvm.org.in**

वेबसाइट **https://vvm.org.in**

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)

## 2026-2027

भावी भारत के लिए डिजिटल-आधारित तथा सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा



https://vvm.org.in